Infow of business travellers

6868. SHRI KANAKSINH MOHANSINH MANGPOLA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of business travellers visited India during the past one year and if so, what was their total number as compared to the total number of tourists;

(b) what is the proportion of foreign exchange earned from business travellers as compared to total earning from other tourists during the last one year;

(c) whether Government's attention has been drawn to an article titled "Director General of Tourism' published in April, 1995 issue of tourist magazine "Top Tourism Bulletin in which the Directorate General of Tourism is alleged to have totally neglected the inflow of business travellers; and

(d) if so, what steps have been taken or are being taken to encourage business travel to India?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir. A total number of 1.68,246 business tourists visited India in 1994. This formed 10.8 per cent of the total tourist arrivals in 1994 which were 15.62,016 excluding the nationls of Pakistan and Bangladesh.

(b) Statistics on Foreign Exchange earnings from different categories of tourist are not maintained. However the estimated Foreign Exchange earnings from tourism as a whole during 1994-95 is Rs. 7365.61 crores.

(c) and (d) It is not correct to state that the Directorate General of Tourism is neglecting the inflow of business travellers. Many schemes are in operation for the development of tourism in India. These include steps to augment availability of accomodation in both business and tourist centres, improvement of facilities for tourists, introduction of computerised reservation systems etc. Publicity through print and electronic media in origination markets is used. Promotion is also done through distribution of literature and personal contact on telephone etc.

जामनगर तथा भुज में सैनिक विमानपत्तनों का विकास कार्य

6869. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा जामनगर तथा भुज स्थित सैनिक विमानपत्तनों के विकास कार्यों पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है ;

(ख) क्या इन विमानपत्तनों से भारतीय राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा उड़ानों का संचालन किया जा रहा है ; और

(ग) क्या सरकार के समक्ष जामनगर विमानपत्तन को असैनिक विमानपत्तन घोषित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) भुज और जामनगर हवाई अड्डे भारतीय वायु सेना के हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इन हवाई अड्डों पर सिविल एन्क्लेवों का रख-रखाव करती है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने 1994-95 में इनमें से प्रत्येक पर 2.70 करोड़ रूपये की राशि खर्च की है।

(ख) इंडियन एयरलाइंस इन हवाई अड्डों के लिए/से उड़ानों का प्रचालन करती है।

(ग) जी नहीं, नागर विमानन आवश्यकताओं को इन हवाई अड्डे से पर्याप्त रूप से पूरा किया जा रहा है।